RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 37 • 19:02:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने ली समाधि

### डोंगरगढ़ के चन्द्रगिरि में अंतिम संस्कार; छत्तीसगढ़-एमपी में आधे दिन का राजकीय शोक



**डोंगरगढ़ (एजेंसी)।** दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने शनिवार 17 फरवरी देर रात 2.35 बजे अपना शरीर त्याग दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरि तीर्थ में आचार्य पद का त्याग करने के साथ 3 दिन का उपवास और मौन धारण कर लिया था। उनके शरीर त्यागने की खबर मिलने के बाद जैन समाज के लोग डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में पहुंचे। पूजन के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं मध्यप्रदेश में सरकार के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। इसके अलावा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। पीएम मोदी ने आचार्य विद्यासागर को नमन किया, श्रद्धांजलि दी। कहा- मैं शोक में हूं, मेरे लिए ये व्यक्तिगत क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के दौरान 5 नवंबर को डोंगरगढ़ भी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यासागर जी महाराज से चंद्रगिरी पर्वत में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनसे आशीर्वाद लिया और चर्चा की थी। आचार्य विद्यासागर महाराज का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को शरद पूर्णिमा को कर्नाटक के बेलगांव जिले के सद्लगा ग्राम में हुआ था। दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज देश के ऐसे अकेले आचार्य थे, जिन्होंने 505 मुनियों को दीक्षा दी। आचार्य श्री कुन्थु सागर महाराज का नाम दूसरे नंबर पर आता है।

#### गुरु ज्ञान सागर महाराज ने आचार्य पद दिया था

विद्यासागर महाराज को आचार्य पद की दीक्षा आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज ने 22 नवंबर 1972 को अजमेर राजस्थान के नसीराबाद में दी



थी। इसके बाद आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज ने आचार्य श्री के मार्गदर्शन में ही 1 जून 1973 को समाधि ली थी। विद्यासागर जी ने 8 मार्च 1980 को पहली दीक्षा छतरपुर में मुनि श्री समय सागर महाराज को दी।

## रोहित सेना के सामने घुटनों पर आया इंग्लैंड

### भारत ने हासिल की टेस्ट में अपनी सबसे बड़ी जीत

**राजकोट (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल के बेहतरीन दोहरे शतक के बाद गेंदबाजों रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की फिरकी से भारत ने राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रनों से हरा दिया। टीम इंडिया ने चौथी पारी में इंग्लैंड की टीम को जीत के लिए 557 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 122 रन बनाकर सिमट गई। इस तरह टीम इंडिया ने टेस्ट क्रिकेट में रनों के मामले में अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। राजकोट टेस्ट मैच की चौथी पारी में भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ने ओवर में रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा कुलदीप यादव के खाते में भी 2 विकेट आए। वहीं जसप्रीत बुमराह और अश्विन ने भी एक-एक विकेट लिए। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने बैक टू बैक दोहरा शतक लगाकर धमाल मचा दिया।

यशस्वी ने टीम इंडिया के लिए दूसरी पारी में 214 रनों की दमदार पारी खेली। यशस्वी खेल के तीसरे तीन 104 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गए थे, लेकिन चौथे दिन शुभमन गिल



के आउट होने के बाद वह फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और दोहरा शतक ठोक दिया। यशस्वी के अलावा टीम इंडिया के लिए दूसरी पारी में शुभमन गिल 91 रन बनाकर आउट हुए। वहीं सरफराज खान ने भी 68 रनों की नाबाद पारी खेली। इन तीनों बल्लेबाजों के दमदार खेल से रोहित शर्मा ने पारी को 4 विकेट 430 रन बनाकर घोषित कर दिया। इस तरह पहली पारी में मिले 126 रनों की बढ़त के आधार पर भारत ने इंग्लैंड के सामने 557 रनों का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड के खिलाफ इस मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।

## हमने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है

● बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री ने कहा-यह मोदी की गारंटी है ● कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-अभी और नुकसान होगा, तगड़ी लड़ाई है

### मोदी ने राम मंदिर से लेकर अनुच्छेद 370 खत्म करने का किया जिक्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन अवसर पीएम मोदी ने भाषण दिया। पीएम मोदी ने बीजेपी के 10 साल के शासनकाल की उपलब्धियों का जिक्र किया। पीएम मोदी ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण, तीन तलाक के खिलाफ कानून से लेकर नई संसद भवन का जिक्र किया। पीएम मोदी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने आचार्य विद्यासागर को याद किया। उन्होंने कहा कि आज मैं समस्त देशवासियों की तरफ से संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 पूज्य विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धापूर्वक और आदरपूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे विपक्ष के दल भले ही योजनाओं को पूरा करना न जानते हों। लेकिन झूठे वादे करने में इनका कोई जवाब नहीं है। आज एक वायदा करने से ये सारे राजनीतिक दल घबराते हैं। वो वादा है विकसित भारत का। इन लोगों ने स्वीकार कर लिया है कि ये लोग भारत को विकसित नहीं बना सकते। सिर्फ और सिर्फ भाजपा और एनडीए गठबंधन ने ही इसका सपना देखा है। हमने तीसरे टर्म में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का संकल्प लिया है और यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज विपक्षी दल भी अबकी बार, 400 पार का नारा लगा रहे हैं।



### नड्डा के हाथों में ही रहेगी 2024 की कमान

## बीजेपी अध्यक्ष का कार्यकाल फिर बढ़ाया गया

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल फिर बढ़ा दिया गया है। जून 2024 तक अब वे ही अध्यक्ष रहने वाले हैं। बीजेपी अधविशन में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत की जिम्मेदारी नड्डा के कंधों पर रहने वाली है। पिछले साल भी पार्टी द्वारा उनकी अध्यक्षता पर भरोसा जताया गया था, अब एक बार फिर उन्हें ही आगे कर दिया गया है। जेपी नड्डा की बात करें तो उनकी अध्यक्षता में बीजेपी ने कई राज्यों में फिर अपनी सरकार बनाई है। सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से लेकर हाल ही में संपन्न हुए तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में जिस तरह से बीजेपी ने बड़ी जीत दर्ज की है, जेपी नड्डा को उसका क्रेडिट मिला है। ऐसे में उन्हीं की अध्यक्षता में 400 पार की तैयारी भी एनडीए द्वारा की जा रही है।



## सिन्हा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड लेप्रोस्कोपिक सेंटर द्वारा रक्तदान कैंप आयोजित

### चिकित्सक का परामर्श लेकर 60 साल की आयु तक नियमित अंतराल पर बेहिचक रक्तदान करते रहना चाहिये -गरिमा सिकारिया

चाणक्य भूमि बेतिया

**सिन्हा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड लेप्रोस्कोपिक सेंटर द्वारा चित्रगुप्त मैदान के ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमे फर्स्ट महिला डोनर बनी अनुराधा खेमका सिन्हा और प्रथम पुरुष डोनर बने नगर पार्षद रोहित सिकारिया शरीर में नया खून बनने का आधार के साथ आपका रक्तदान किसी लाचार और बीमार की बचाता है जान**

नगर के सोआबाबू चौक के समीप अवस्थित चित्रगुप्त मंदिर के मैदान में सिन्हा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड लेप्रोस्कोपिक सेंटर द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जहां फर्स्ट महिला डोनर के रूप में डॉक्टर अनुराधा खेमका सिन्हा और प्रथम पुरुष डोनर के रूप में स्थानीय नगर निगम पार्षद रोहित कुमार सिकारिया ने रक्तदान किया। इस मौके पर अपने संदेश में नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि रक्तदान को महादान इसलिए कहा जाता है कि यह स्वयं के शरीर में खून के नया निर्माण का आधार बनता है। इसके साथ ही आपका रक्तदान किसी गंभीर तौर लाचार और बीमार की जान बचाने के काम आता है। इस लिए यही आप स्वस्थ हैं तो आपके स्वस्थ बने रहने लिए यह बहुत जरूरी है कि नियमित अंतराल पर अपने चिकित्सक के परामर्श के अनुसार 60 साल की आयु तक बेहिचक रक्तदान करते रहेंौर श्रीमती सिकारिया के इस आह्वान के बाद डॉ रवि राज दुबे, जमादार इंदल कुमार सहित दर्जनों लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस मौके पर आयोजक संस्थान के निदेशक डॉ. मोहनीश कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति विशेष कर जन प्रतिनिधि की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि उनके स्तर से लोगों को सही कार्य के लिए उत्साहित और उत्प्रेरित करने की जिम्मेदारी का पूरी तत्परता के साथ निर्वहन करे। मौके पर पुन्नू शरण, शिवानंद प्रसाद इत्यादि के महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## पीएम जम्मू और कश्मीर को देंगे 3161 करोड़ का तोहफा

### बढ़ाई गई सुरक्षा, कंगाल पाकिस्तान को लग गई मिर्ची

### 209 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे



**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी यहां 3,161 करोड़ रुपये की 209 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री अपने इस केंद्र शासित प्रदेश के दौरे से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव अभियान का भी आगाज करेंगे। दरअसल जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटें हैं। इसमें वर्तमान में बीजेपी के पास दो सीटें हैं। अब पार्टी इस आंकड़े को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उधर, पीएम मोदी के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में अलग-अलग स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गो पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गई हैं। जम्मू के एमए स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 3,161 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। हाल ही में एसटी दर्जा प्राप्त करने वाले समुदाय में रैली में शामिल होने की उत्सुकता मिल रही है।

### संदेशखाली मामले में बड़ा ऐक्शन, टीएमसी नेता गिरफ्तार

## अब गैंगरेप का चार्ज भी जोड़ा गया डीजीपी ने कहा-ऐक्टिव है पुलिस

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली घटना में शनिवार को टीएमसी नेता को गिरफ्तार कर लिया गया। शिवप्रसाद हाजरा उर्फ शिबू हाजरा को यहां महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत के मामले में अरेस्ट किया गया है। गौरतलब है कि शिवप्रसाद और उत्तम सरदार के खिलाफ पुलिस ने गैंग रेप के चार्ज को भी जोड़ा है। संदेशखाली की महिलाओं द्वारा दायर लिखित शिकायत के आधार पर कुछ दिन पहले टीएमसी के दो नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह पार्टी के फरार नेता शेख शाहजहां के करीबी सहयोगी भी हैं। पुलिस ने महिलाओं शिकायत के आधार पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया। सूत्रों ने बताया कि बाद में शिकायतकर्ता का बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया गया। इसमें उसने दावा किया कि उसके साथ छेड़छाड़ नहीं की गई बल्कि गैंगरेप किया गया। इसके बाद अदालत ने पुलिस को टीएमसी नेताओं के खिलाफ मामले में सामूहिक बलात्कार के आरोप जोड़ने का आदेश दिया। उत्तम सरदार और शिवप्रसाद हाजरा पर अब गैंगरेप के भी आरोप लगाए गए हैं। उत्तम सरदार को पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले उसे टीएमसी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया था।



## जेल से भी खालिस्तानियों के टच में है अमृतपाल!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार में खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल समेत इसके 10 सदस्य बंद हैं। इनकी कोठरियों से शनिवार को कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। डीजीपी जी पी सिंह ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर



जेल कर्मचारियों ने परिसर की तलाशी ली। कारागार में अनधिकृत गतिविधियों के संकेत मिले थे। उन्होंने बताया कि परिसर की तलाशी लेने पर सिम कार्ड के साथ एक स्मार्टफोन, एक सामान्य फोन, कीबोर्ड के साथ टीवी रिमोट, एक स्पाईकैम पेन, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर जैसे विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए। जेल कर्मचारियों ने इन आपत्तिजनक वस्तुओं को जब्त कर लिया है।

## चंडीगढ़ चुनाव पर एससी में सुनवाई से पहले हलचल तेज



### मेयर पद से इस्तीफा दे सकते हैं बीजेपी के मनोज सोनकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होनी है। इससे एक दिन पहले बीजेपी के मेयर मनोज सोनकर अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को 19 फरवरी को एससी के सामने पेश होना है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उस वायरल वीडियो पर सख्त रुख अपनाया था जिसमें मसीह कथित तौर पर गड़बड़ी करते दिखाई दे रहे हैं। 30 जनवरी को मतगणना हुई थी जिसे दौरान 8 वोटों से छेड़छाड़ की गई। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पास सदन में संयुक्त तौर पर 20 वोट थे, मगर 8 को अवैध घोषित कर देने से मेयर पद भाजपा जीत गई। इस वक्त बीजेपी के वोटों की ताकत 16 थी। मतदान के दौरान 39 वर्षीय सोनकर को 16 वोट मिले, जबकि आप-कांग्रेस गठबंधन के ढालोर को 12 वोट मिले। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कुल 36 वोटों में से 8 अवैध घोषित किए गए थे। मालूम हो कि शराब का कारोबार करने वाले मनोज सोनकर ने 7वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह वार्ड नंबर 7 से पार्षद हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो गया है।

# 78 शिक्षकों का वेतन बंद, 10 हेड मास्टर से जवाब तलब

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एक दिन में अलग-अलग स्कूलों की जांच में मिली गड़बड़ी पर 76 शिक्षकों का वेतन बंद कर दिया गया है। पारू बीईओ पर भी कार्रवाई की गई है। कई हेडमास्टर पर गाज गिरी है। कई स्कूल ऐसे मिले जहां नामांकन कुछ और था उपस्थिति कुछ और। भौतिक बच्चों की संख्या अलग मिली। पारू व गायघाट के स्कूलों पर कार्रवाई की गई है। डीईओ ने संबंधित 10 स्कूल के एचएम और शिक्षकों से 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है।



डीईओ ने कहा कि पारू प्रखंड के सात विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कई विद्यालयों में शिक्षक की उपस्थिति कम थी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोतीछपरा में छात्र उपस्थिति नगण्य थी। मध्य विद्यालय पारू बालक जहां पांच शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित थे। छात्र की उपस्थिति भी बहुत कम थी। कई कमरों का ताला भी नहीं खुला था।

पारू के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी व प्रखंड परियोजना प्रबंधक से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब मांगा गया है। गायघाट के अलग-अलग स्कूलों में भी बच्चों की संख्या महज 40 से 50 फीसदी मिली। डीईओ ने बीपीएम गायघाट से भी स्पष्टीकरण मांगा है।

डीईओ ने कहा कि मवि बड़ादाउद, पारू में शिक्षक विरेन्द्र ठाकुर सितम्बर 2019 से अनुपस्थित हैं। उनकी सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है। विद्यालय में कुल नामांकन 286 है, जबकि निरीक्षण के समय 180 छात्र-छात्रा उपस्थित थे। वर्ग 4 में नामांकित 48 छात्रों में से 16 की उपस्थिति पंजी में दर्ज थी, जबकि भौतिक रूप से 3 उपस्थित थे। उसी प्रकार वर्ग छह में 48 नामाकित विद्यार्थियों में से 19 की उपस्थिति दर्ज थी जबकि भौतिक रूप में 15 उपस्थित थे। विद्यालय में भवन का अभाव है। जबकि प्रधानाध्यापक एक कमरे में लकड़ी एवं दूसरे में चावल रखे हुए थे। वर्गों को संयुक्त रूप में चलाते हैं। विद्यालय गेट के सामने एवं कार्यालय के पीछे परित्यक्त जर्जर भवन है, जिसे शीघ्र तोड़ने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दिया गया। प्रधानाध्यापक का वेतन बंद कर दिया गया है। मुजफ्फरपुर समेत छह जिलों में आउट ऑफ स्कूल बच्चों का बीबोस में नामांकन नहीं कराने पर कार्रवाई की गई है। मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिम चम्पारण डीईओ को इसे लेकर आदेश मिला है। 10वीं कक्षा उतीर्ण आउट ऑफ स्कूल बच्चों का बीबोस में शत प्रतिशत नामांकन नहीं कराया गया है। अगले आदेश तक डीपीओ सर्वशिक्षा अभियान का वेतन बंद रखने का आदेश बिहार शिक्षा परियोजना की प्रशासी पदाधिकारी शाहजहां ने दिया है। उन्होंने कहा है कि 23 जनवरी को राज्य परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में बैठक में लापरवाही सामने आई है। चिह्नित बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन होने तक जिला संभाग प्रभारी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया गया।

10वीं कक्षा उत्तीर्ण आउट ऑफ स्कूल अन्तर्गत बच्चों का बीबोस में नामांकन के लिए पूर्व से चिह्नित बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन नहीं होने तक जिला संभाग प्रभारी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया गया। वैशाली जिला अन्तर्गत चिह्निन्त 24 बच्चों में से मात्र 2 बच्चों का नामांकन होने के कारण रमण कुमार पासवान, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है।

मुजफ्फरपुर समेत अन्य जिलों जहां बीबोस में नामांकन का लक्ष्य शून्य है, वहां के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा. शिक्षा एवं सर्वशिक्षा अभियान) का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का निर्देश राज्य परियोजना निदेशक ने दिया है। निर्देश के अनुपालन का प्रतिवेदन दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है।

## नाबालिग की हत्या पड़ोस में रहने वाले पति-पत्नी ने मिलकर की थी



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में पंद्रह दिन पहले मिले नाबालिग के शव को लेकर पुलिस ने शनिवार को अहम खुलासा किया है। नाबालिग की हत्या पड़ोस में रहने वाले पति-पत्नी ने मिलकर किया था। दोनों ने नाबालिग (15) को एग रोल में जहर मिलाकर खिलाया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। मामले को छिपाने के लिए दंपती ने शव को उजियारपुर थाना क्षेत्र के बाबू पोखर के पास सड़क किनारे फेंक दिया था।

पुलिस ने शव को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल की गई महिंद्रा गाड़ी को जब्त कर लिया है। दलसिंहसराय डीएसपी नजिब अनवर ने बताया कि अवैध संबंध के कारण नाबालिग की हत्या की गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में घटहो ओपी क्षेत्र के सुल्तानपुर घटहो निवासी रामकांत मेहता के बेटा राजकुमार मेहता (42) और उसकी पत्नी संजू देवी (36) शामिल हैं। पत्नी ने पति को नाबालिग के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था राजकुमार का नाबालिग के साथ अवैध संबंध था। पत्नी संजू देवी ने अपने पति को नाबालिग के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसके बाद संजू देवी ने अपने पति से कहा कि आप उसकी हत्या करो या हम आत्महत्या कर लेंगे। पत्नी के दबाव में राजकुमार ने एग रोल में जहर देकर नाबालिग की हत्या कर दी। इसके बाद शव को महिंद्रा एसयूवी 500 गाड़ी में लोड कर उजियारपुर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे फेंक दिया।

3 फरवरी को उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजीरपुर बाबूपोखर के पास एक नाबालिग का शव मिला था। जिसकी पहचान घटहो ओपी क्षेत्र के सुल्तानपुर घटहो निवासी के रूप में की गई थी। मृतका की मां के बयान पर उजियारपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, घटहो ओपी अध्यक्ष मंजुला मिश्रा ने मानवीय सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन किलो 656 ग्राम गांजा के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** पीरपैंती स्टेशन पर शनिवार को साहेबगंज की ओर से आ रही ट्रेन से गुप्त सूचना मिलने पर आसूचना शाखा भागलपुर एवं पीरपैंती थाना पुलिस के सहयोग से दो गांजा तस्करों को ट्रेन से उतरने के साथ ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को देखते ही दोनों ने भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस ने उन्हें खदेड़कर धर दबोचा। इनमें महिला के पास से 3.026 किलो एवं पुरुष के पास से दो बंडल में से एक में से 0.268 ग्राम एवं दूसरे बंडल से 0.326 ग्राम गांजा जो बैग में रखा हुआ था बरामद कर लिया। इससे पूर्व आसूचना भागलपुर शाखा को गुप्त सूचना मिली थी की दो तस्कर गांजा लेकर सुबह ट्रेन से साहेबगंज की ओर से आ रहे हैं जिनमें एक महिला भी है। दोनों पीरपैंती स्टेशन ही उतरेंगे। इस सूचना के साथ ही आसूचना शाखा भागलपुर के अधिकारी पीरपैंती थाना पहुंचे तथा थानाध्यक्ष नीरज कुमार से मिल इसकी जानकारी दी। पीरपैंती थाना पुलिस भी वहां पहुंची और ट्रेन के आने का इंतजार करती रही। पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। जब ट्रेन आई तो पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। समाचार संप्रेषण तक दोनों से पूछताछ की जा रही थी। पकड़े गए पुरुष तस्कर झारखंड के पिरोजपुर का राजेश साह है जबकि महिला तमन्ना खातून थाना मेहरमा जिला गोड्डा झारखंड की है।

### बच्चों का नामांकन नहीं कराने पर डीपीओ का वेतन रोक

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर समेत छह जिलों में आउट ऑफ स्कूल बच्चों का बीबोस में नामांकन नहीं कराने पर कार्रवाई की गई है। मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिम चम्पारण डीईओ को इसे लेकर आदेश मिला है। 10वीं कक्षा उतीर्ण आउट ऑफ स्कूल बच्चों का बीबोस में शत प्रतिशत नामांकन नहीं कराया गया है। अगले आदेश तक डीपीओ सर्वशिक्षा अभियान का वेतन बंद रखने का आदेश बिहार शिक्षा परियोजना की प्रशासी पदाधिकारी शाहजहां ने दिया है। प्रशासी पदाधिकारी ने कहा है कि 23 जनवरी को राज्य परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में जिलों में लापरवाही सामने आई है। 10वीं कक्षा उत्तीर्ण आउट ऑफ स्कूल अन्तर्गत बच्चों का बीबोस में नामांकन के लिए पूर्व से चिह्नित बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन नहीं होने तक जिला संभाग प्रभारी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया गया। वैशाली जिला अन्तर्गत चिह्निन्त 24 बच्चों में से मात्र 2 बच्चों का नामांकन होने के कारण रमण कुमार पासवान, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है। मुजफ्फरपुर समेत अन्य जिलों जहां बीबोस में नामांकन का लक्ष्य शून्य है, वहां के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का निर्देश राज्य परियोजना निदेशक ने दिया है। निर्देश के अनुपालन का प्रतिवेदन दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है।

### गवाहों की उपस्थिति को लें पुलिस प्रशासन की मदद

**मुजफ्फरपुर।** डीएम सुब्रत कुमार सेन ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सरकारी वकीलों के साथ अभियोजन कार्यों की समीक्षा की। इसमें उपस्थित सरकारी अभियोजकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा हुई। डीएम ने सजा दिलाने की दर बढ़ाने के साथ प्रत्येक माह में सजा अनिवार्य रूप से हो, इसका निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल के माध्यम से संवेदनशील मामलों का अविलम्ब निष्पादन करें। बैठक में अभियोजकों ने गवाह की अनुपस्थिति की समस्या बतायी। कहा कि गवाहों की उपस्थिति न होने से कोर्ट में केस का विपरीत परिणाम आता है। इसपर डीएम ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों की सूची एसएसपी को दें। रजिस्टर बनाएं तथा केस वार समीक्षा करें। उन्होंने अग्रिम रूप से परिवाद से संबंधित सभी तैयारी का निर्देश दिया। गवाह व लैब रिपोर्ट तथा अन्य कार्य भी पूर्व से ही पूर्ण कर लेने को कहा। डीएम ने अभियोजकों से पॉक्सो व नशा मामले में तत्परता और गंभीरता से स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सजा दिलाने को कहा।

### बोलेरो के धक्के से वृद्ध की मौत

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में शनिवार की शाम परवलपुर- थरथरी मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर गांव के पास की है। मृतक की पहचान बिन्द थाना क्षेत्र के मुरारी गांव निवासी स्व.चमारी गोस्वामी के (60) वर्षीय पुत्र बिरजू गोस्वामी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुजुर्ग अपनी बेटी के घर रह रहा था। शाम के वक्त वह माधोपुर गांव के निकट सड़क पार कर रहा था। इसी बीच तेज गति से आ रही बोलेरो ने धक्का मार दिया। इससे गंभीर रूप से घायल वृद्ध ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोग जब तक मौके पर जुटते तब तक बोलेरो चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। वहीं, इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। परवलपुर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि वाहन को जब्त करते हुए थाना लाया गया है। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वाहन चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया है।

## बेगूसराय में एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में शनिवार की देर शाम एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के गोविंदपुर वार्ड संख्या-9 की है। मृतक की पहचान उमेश यादव (60), राजेश कुमार (25) और नीलू कुमारी (20) के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्क्कमनीष मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। बताया जाता है कि नीलू की शादी हिमांशू कुमार से गोविंदपुर में हुई थी। नीलू को उसके ससुराल वाले रखना नहीं चाहते थे। पिता अपने बेटे और बेटी नीलू को लेकर गोविंदपुर गांव पारिवारिक समझौते के लिए पहुंचे थे। तभी इस घटना को अंजाम दिया गया। हत्या का आरोप रिश्तेदार पर लगा है। बताया जा रहा है कि साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के श्रीनगर छर्रापट्टी निवासी उमेश यादव की बेटी लूसी कुमारी की शादी गोविंदपुर निवासी संजय यादव के बेटे ललन यादव से हुई थी। इस दौरान संजय यादव के परिवार के लोग अपने रिश्तेदार के यहां अकसर श्रीनगर छर्रापट्टी आते थे। नीलू भी बराबर अपनी बहन लूसी के घर गोविंदपुर जाती थी। इसी दौरान नीलू और लूसी के देवर हिमांशु के बीच नजदीकियां बढ़ी। इसके बाद हाल ही में नीलू की शादी हिमांशु यादव के साथ हुई, इसके बाद आज शाम उमेश यादव अपने बेटे राजेश कुमार और बेटी नीलू के साथ गोविंदपुर पहुंचे।

## दिन में डॉक्टरी, रात में लूटपाट

# ऐसे पकड़ा गया बिहार का शातिर लूटेरा, सरकार ने रखा था इनाम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसटीएफ बिहार और मुजफ्फरपुर जिले की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बोचहां थाना क्षेत्र के तुर्की भट्ठा के समीप से 50 हजार के इनामी अपराधी डॉक्टर गिरोह के सदस्य कार्तिक कुमार उर्फ कार्तिक राज उर्फ छोटन राज सहित चार को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक अपराधी मौके से फरार हो गया। सभी अपराधी वहां पर डकैती की योजना बना रहे थे। कार्तिक बोचहां थाना के सरवानीचक का रहने वाला है। इसके अलावा चौपार निवासी मो. कैश, बोचहां भगवानपुर निवासी विजय कुमार, धरना टोला निवासी भरत कुमार शामिल हैं।

वहीं कर्णपुर दक्षिणी निवासी अपराधी सुभाष कुमार फरार हो गया। कार्तिक के पास से एक देसी पिस्टल, 13 पुड़िया स्मैक व मोबाइल जब्त किए गए हैं। कैश के पास से 16 पुड़िया स्मैक, एक जिंदा गोली, एक मोबाइल, विजय के पॉकेट से एक चाकू, 11 पुड़िया स्मैक और भरत के पास से 10 पुड़िया स्मैक,



एक मोबाइल और एक कार जब्त की गई है। एसएसपी राकेश कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि डॉक्टर गिरोह के चार सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। एक फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसमें विजय कुमार क्वैक है। वह गांव में घूम-घूमकर मरीजों का इलाज करता है। इस बहाने वह घर और संस्थानों की रेकी भी करता था। यूबीजी बैंक लूट में है आरोपी

एसएसपी ने बताया कि छोटन पिछले साल चार जुलाई को हुए मीनापुर थाना के गोरीगामा स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में 9.43 लाख लूटकांड का आरोपी है। इसके अलावा बोचहां में बीते साल 26 जुलाई को कूरियर कंपनी से 1.87 लाख लूटकांड का भी आरोपी रहा है। बोचहां थाने में उसके ऊपर एनडीपीएस एक्ट में भी केस दर्ज है। वहीं मो. कैश भी बोचहां थाने में लूट, एनडीपीएस एक्ट का आरोपी है।

एसएसपी ने बताया कि एसटीएफ को मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से अपराधियों के जुटने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह के सदस्यों के निशाने पर पेट्रोल पंप और सीएसपी था। पूछताछ में जानकारी मिली है कि गिरोह के सदस्य मोतीपुर और बोचहां में पेट्रोल पंप और सीएसपी में डकैती करने वाले थे।

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ कराने के समर्थन में जेडीयू, वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सौंपा ज्ञापन

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ कराने के समर्थन में है। जेडीयू ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रति अपना समर्थन जाहिर किया है। जेडीयू संसदीय दल के नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के साथ बिहार के पूर्व मंत्री संजय कुमार झा ने शनिवार को दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली हाईलेवल कमिटी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समिति को जेडीयू का ज्ञापन सौंपा।



संजय झा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जेडीयू अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुरू से ही एक देश एक चुनाव की नीति के समर्थक रहे हैं। उनका और पार्टी का मानना है कि सुशासन की संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक देश एक चुनाव महत्वपूर्ण कदम होगा। विधि आयोग की रिपोर्ट और इससे संबंधित तमाम तथ्यों एवं बहसों पर गंभीरता से विचार करते हुए जेडीयू ने लोकसभा और राज्य विधानमंडल के चुनाव एक साथ कराने, जबकि पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ कराने, लेकिन संसदीय चुनाव और पंचायती राज के चुनाव अलग-अलग कराने के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया है।

श्री झा ने कहा कि जदयू ने इस संदर्भ में देशभर में सीआईआई, फिक्की, एसोचैम सहित विभिन्न संगठनों के साथ हुए विमर्श में उभरी राय पर गंभीरता से विचार किया है। साथ ही, भारत में एक साथ चुनाव कराने के इतिहास को भी ध्यान में रखा है। वर्ष 1947 में आजादी मिलने के बाद से लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अधिकतर एक साथ आयोजित हुए थे, लेकिन 1960 के दशक के अंतिम वर्षों से एक साथ चुनाव का सिलसिला विभिन्न कारणों से बाधित हो गया। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत के विधि आयोग द्वारा आमंत्रित सुझावों के जवाब में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू ने लोकसभा तथा विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की नीति को अपना समर्थन दिया था।

## सड़क पर उतरे लोग, कहा- इलेक्शन से पहले एयरपोर्ट सेवा की शुरुआत की तारीख का हो ऐलान

**पूर्णिया, एजेंसी।** एयरपोर्ट की मांग को लेकर पूर्णिया में आंदोलन का दौर जारी है। धरना, पैदल मार्च, भूख हड़ताल के बाद अब लोग कैंडल लिए सड़क पर उतर आए हैं। आंदोलन की कड़ी में एयरपोर्ट फॉर पूर्णिया के बैनर तले कैंडल मार्च निकाला गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में निकाले गए इस कैंडल मार्च में हर वर्ग और समुदाय के लोग शामिल हुए। हाथों में कैंडल लिए लोग सड़क पर उतरे। एयरपोर्ट फोर पूर्णिया, नो एयरपोर्ट नो वोट के नारे लगाए। जन आंदोलन की हाथों में कैंडल लिए लोग एकजुट होकर सड़क पर उतरे। हाथों में कैंडल लिए बुद्धिजीवियों, युवाओं, चिकित्सकों, व्यापारियों, स्थानीय नेताओं और अधिवक्ताओं ने एयरपोर्ट के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की। कैंडल मार्च की शुरुआत स्थानीय जिला स्कूल प्रांगन से हुई। कैंडल मार्च का नेतृत्व चैंबर ऑफ कॉमर्श के महासचिव आदित्य केजरीवान ने किया। मार्च जिला स्कूल से शुरू होकर खीरू चौक, भट्ठा बाजार, झंडा चौक होती हुई आरएनसाह चौक पर आकर संपन्न हुई। चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के महासचिव आदित्य केजरीवाल ने बताया कि पीएम पैकेज बिहार 15 का हिस्सा है। 8 वर्षों से साजिश के तहत पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण नहीं कराया गया। ऐसे में पूर्णिया वादियों की ये मांग है कि लोक सभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास किया जाए और एयरपोर्ट की शुरुआत की




तारीख घोषित की जाए। एयरपोर्ट फोर पूर्णिया मुहिम के संचालक विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पथ निर्माण विभाग से सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी से पता चला कि एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर विभाग को न तो अनुमति मिली है और न ही कोई प्रस्ताव ही भेजा गया है। डॉ संजीव कुमार ने बताया कि पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, कटिहार, सुपौल, मधेपुरा, भागलपुर, बांका, खगड़िया सहित पश्चिम बंगाल का रायगंज, नेपाल और झारखंड का राजमहल लोकसभा क्षेत्र की करोड़ों की आबादी पूर्णिया एयरपोर्ट के एक सौ किलोमीटर की त्रिज्या में आती है।

## आरजेडी 28, कांग्रेस और लेफ्ट 6-6; नीतीश के निकलने के बाद महागठबंधन में नया सीट शेयरिंग फॉर्मूला : सूत्र

**पटना, एजेंसी।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आरजेडी और कांग्रेस से अलग होने के बाद महागठबंधन में सीट शेयरिंग का नया फॉर्मूला बनने जा रहा है। जेडीयू के अलग होने से आरजेडी, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों को अब ज्यादा सीटें लड़ने को मिलेंगी। सूत्रों के मुताबिक लालू यादव की पार्टी आरजेडी राज्य की 28 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, कांग्रेस को 6 एवं इतनी ही सीटें लेफ्ट पार्टियों को देने के मूड में है। इनमें से सीपीआई माले को 3 से 4 और सीपीएम एवं सीपीआई को भी एक-एक सीट मिल सकती है।

सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने दो दिन पहले आरजेडी के प्रदेश नेतृत्व को अपना संशोधित प्रस्ताव भेजा है। इसमें पहले की तुलना में अधिक संख्या में सीटें मांगी गई हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सीपीआई माले ने अब कितनी सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा है। जब जेडीयू महागठबंधन में थी तब माले ने आरजेडी से आरा, पाटलिपुत्र और सीवान समेत बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर दावा पेश किया था।

सूत्रों के मुताबिक नीतीश कुमार की जेडीयू के एनडीए में जाने के बाद सीपीआई माले बिहार की 9 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। इसमें से



कटिहार लोकसभा सीट भी शामिल है, जिसपर कांग्रेस की नजर है। लेफ्ट पार्टी कटिहार पर अपना मजबूत दावा पेश कर रही है। यहां से सीपीआई माले अपने वरिष्ठ नेता एवं विधायक महबूब आलम को उतारना चाहती है। माले के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनकी पार्टी के कटिहार लोकसभा सीट जीतने की प्रबव संभावना है। हमने इस साल राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए अपना एक सीट का दावा भी छोड़ दिया। इसके बदले में हम चाहते हैं कि महागठबंधन कटिहार सीट हमें देकर हमारी मांग का सम्मान किया जाए। जेडीयू के बाहर होने के बाद महागठबंधन में लोकसभा चुनाव के सीट बंटवारे की नई चुनौती खड़ी हो गई है। आरजेडी नेताओं ने कहा कि बिहार की 40 में से करीब दर्जन भर सीटों पर पुनर्समायोजन हो सकता है। क्योंकि पहले जेडीयू की 17 सीटों की मांगों को ध्यान में रखते हुए फॉर्मूला तैयार किया जा रहा था। नीतीश की पार्टी जब महागठबंधन में थी तब 17-17-5-1 के फॉर्मूले पर बात चल रही थी। इसके तहत आरजेडी और जेडीयू को 17-17, कांग्रेस को पांच और सीपीआई माले को एक सीट दिए जाने की चर्चा थी। आरजेडी के अंदरुनी सूत्रों ने बताया है कि लालू और तेजस्वी यादव बिहार में नए सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जीवाड़ा कर दो-दो विद्यालय में बन गए शिक्षक, जाँच में पकड़े गए नटवरलाल




**चाणक्य भूमि। छपरा।** माँझी के ड्यूमाइगढ निवासी एक शिक्षक ने अपनी जन्म तिथि में जालसाजी करके शिक्षा विभाग की आँख में धूल झोंककर सरकारी शिक्षक बन बैठा है। आश्चर्य इस बात का है कि 55 वर्षीय यह शिक्षक पहले पँचायत शिक्षक भी था और अब 38 वर्ष का नौजवान बनकर जलालपुर के एक उर्दू विद्यालय में प्रखण्ड शिक्षक के पद पर अपने कर्तब्य का निर्वहन कर रहा है। यह खुलासा आरटीआई के माध्यम से गरया टोला निवासी कमल चौधरी ने किया है। दो-दो जन्म तिथि को आधार बनाकर दो जगह बहाल होने वाले नटवरलाल ने कन्या प्राथमिक विद्यालय ड्यूमाइगढ में योगदान करते वक्त अपनी जन्मतिथि तीन अगस्त 1986 बताया है तथा उसके समर्थन में कागजात भी जमा किये हैं। जबकि लालमोहर चौधरी नामक यह शख्स जलालपुर प्रखण्ड के प्राथमिक उर्दू विद्यालय में प्रखण्ड शिक्षक के पद पर बीपीएससी के माध्यम से बहाल होने में भी सफल रहे। अपनी उम्र 38 वर्ष बताने वाले शिक्षक ने वर्ष 1988 में उच्च विद्यालय ताजपुर से मैट्रिक की परीक्षा महज दो वर्ष की उम्र में ही पास कर ली और शिक्षा विभाग भी इसे स्वीकार कर लिया। उक्त शिक्षक की दोनों जन्मतिथि में 15 वर्ष छह महीने और 22 दिन का अंतर है। आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज को आधार बनाकर कमल चौधरी समेत दर्जन भर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों को ज्ञापन भेजकर नटवरलाल बने शिक्षक के कागजातों की जांचकर दोषियों को दंडित करने एवम जालसाज शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग की है।

### जमीनी विवाद में पांच पर प्राथमिक दर्ज

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** मैनाटांड थाना क्षेत्र के बस्ठा गांव में जमीनी विवाद में महिला के साथ मारपीट के मामलें में केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि नूरशभा खातुन के आवेदन पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### खेत में बकरी चराने से मना करने पर मारपीट कर किया घायल

**चाणक्य भूमि। छपरा।** पानापुर थाना क्षेत्र के सेमराहां गांव में पूर्व के विवाद एवं खेत में बकरी चराने से मना करने को लेकर हुई मारपीट की घटना में सास एवं बहु घायल हो गई। दोनों घायल का प्राथमिक उपचार सीएचसी में कराया गया। बताया जाता है कि सेमराहां गांव निवासी लालन राय एवं श्रीराय के परिवार के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चलता है। इसको लेकर दोनों परिवारो के बीच अक्सर झगड़ा झंझट होते रहता है। रविवार को सुबह श्रीराय के परिवार के लोग ललन राय के गेहूं के खेत में बकरी चरने के लिए छोर दिए। ललन राय की पत्नी चंद्रावती देवी खेत में बकरी चराने से मना करने गई उसके साथ मारपीट किया जाने लगा। सास की पिटाई होते देख बहु विजांति देवी उसे छुड़ाने के लिए आई तो उसको भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों घायलो का उपचार सीएचसी में किया गया। इस मामले को लेकर पीड़िता के द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छान बीन शुरू कर दी गई है।

### बैक में खाता खुलवाने गई युवती हुई गायब, युवती की मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**चाणक्य भूमि। छपरा।** पानापुर थाना क्षेत्र के एक गांव से बैंक खाता खुलवाने गई युवती के गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर लापता युवती की माता के द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने आधे दर्जन लोगों को आरोपित किया है। लापता युवती की मां ने बताई की उनकी पुत्री बैंक में खाता खोलवाने की बात कह कर घर से निकली और शाम तक जब वह घर नही लौटी तो घर वाले खोज बिन शुरू किए तो पता चला की मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली गांव के रहनेवाला सनी नाम का एक युवक अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया है। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### जदयू जिला सचिव को बदमाशों ने मारी गोली, गम्भीर रूप से जख्मी

**चाणक्य भूमि। नारदीगंज।** हिसुआ थाना क्षेत्र के जदयू जिला सचिव सह ओड़ो निवासी अर्जुन यादव को बदमाशों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी। घटना बीते रात शुक्रवार की है। जख्मी हालत में पावापुरी विम्स में भर्ती कराया गया है। गोली दाहिने जांघ में लगी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की तहकीकात में जुट गयी तहकीकात के दौरान घटना स्थल पर से दो खोखा भी बरामद होने की बात सामने आ रही है।जख्मी हालत में अर्जुन ने बताया कि गांव में सरस्वती पूजा का कार्यक्रम हो रहा था,उसे देखकर वापस खेत में फसल देखने को गये, इसी बीच बदमाश ने तीन गोली चलाया,जिसमे एक गोली दाहिने जांघ में लगी,जिससे जख्मी होकर भूमि पर गिर गए,वही दो गोली बगल से निकल गई। घटना क्रो अंजाम तीन लोग दिया है,सभी की पहचान कर ली गई है। जख्मी अर्जुन की शिकायत पर मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई है। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने कहा की जख्मी के फर्द बयान में धर्मेंद्र पासवान पिता स्वर्गीय सरयू पासवान, सन्नी कुमार पिता वीरेंद्र सिंह उर्फ पत्थर सिंह, धनंजय कुमार पिता स्वर्गीय कृष्णनंदन सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताया जा रहा है । इधर,घटना की सूचना पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा, धनन्जय कुमार,प्रियरंजन सिंह, देवनन्दन मांझी समेत अन्य लोग पहुंचे, और घटना की निंदा करते हुए घटना को अंजाम देने वाले पर कड़ी कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है।

### ग्रामीण सड़क मार्ग का मुखिया ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों में छाई खुशी

**चाणक्य भूमि। नारदीगंज।** प्रखंड के हंडिया पंचायत के अनुसूचित गांव जनकपुर जाने वाली सड़क मार्ग का उद्घाटन कार्यक्रम रविवार को हुआ। यह सड़क मार्ग का निर्माण मनरेगा योजना के तहत कराया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया अजय पंडित ने पूजा अर्चना के बाद नारियल को फोड़कर किया। इस मौके पर उन्होंने मनरेगा के तहत कराये गये सड़क निर्माण के दो योजना को विधिवत उद्घाटन किया। ग्रामीण सड़क निर्माण होने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। कहा कि हमलोग जमाने से कच्ची पगडण्डी के सहारे गांव आते थे,जिससे काफी परेशानी होती थी, अब गांव आने के लिए पक्की सड़क का निर्माण होने से आवागमन में सुविधा उपलब्ध हो गया। सरकार का यह महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हम सभी ग्रामीणों को मिला है। इस मौके पर मुखिया ने कहा इस गांव में मनरेगा योजना से सड़क निर्माण के लिए दो योजना ली गई है, जिसे पूरा किया गया । यह गांव वार्ड संख्या एक में है,जिसमे योजना संख्या 17 /2023-24 है। इस पथ के निर्माण में प्राक्कलित राशि चार लाख 87 हजार 998 रूपये हजार हैं, जिसमे जेठियन मार्ग में जनकपुर बडारा तक मिट्टी भराई, सोलिंग व पीसीसी ढलाई हुई,वही योजना संख्या 20/2023-24 में गांव के सदन मांझी के घर से युगल मांझी के घर मिट्टी भराई, सोलिंग व पीसीसी ढलाई का कार्य हुआ है,जिसमे प्राक्कलित राशि चार लाख 91 हजार 397 रुपये हैं। उन्होंने कहा ग्रामीणों की आवागमन में समस्या को देखते हुए इस पथ का पक्की करण किया गया है। मौके पर मनोज राजबंशी,जितेंद्र राजबंशी, नरेश मांझी,छोटेलाल राजबंशी, सुरती देवी,मेंहकी देवी,टिंकू देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### 3.4148 किग्रा गांजा के साथ दो लोग गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। भागलपुर।** जिले के कहलगांव डीएसपी ने रविवार को बताया कि जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के शेरमारी बाजार से 3.4148 किग्रा गांजा के साथ 01 महिला एवं 01 पुरूष को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी ने बताया कि पीरपैंती थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध गांजा की तस्करी की सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली। तत्पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शेरमारी बाजार से 3.4148 किग्रा गांजा अवैध गांजा के साथ 01 महिला एवं 01 पुरूष को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पीरपैंती थाना में मामला दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार लोगों में राजेश कुमार साह और तमन्ना खातून शामिल है।

**शराब कारोबारी हो जाए सावधान, प्रतिबंधित शराब के विरुद्ध जारी रहेगी कारवाई,थानाध्यक्ष धीरज कुमार**

# उपलब्धि: 60 लीटर देसी चूलाई शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार गया जेल

**चाणक्य भूमि। बेतिया**




मुख्यमंत्री नीतीश सरकार ने भले ही बिहार राज्य में पूर्ण रूप में शराब बंदी का सख्त आदेश लागू कर रखा है। लेकिन बिहार में न तो शराब की बिक्री थमी है और न ही पीने वाले लोगों में कमी आई है।अलबत्ता अवैध शराब का कारोबार पहले से और भी तेज गति से फलता-फूलता देखने के लिए मिलता है। काफी हद तक साठी थाना क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार पनपा हुआ नजर आ रहा है।जिसे रोकने के सारे प्रयास अभी तक फेल होते हुए नजर आए हैं। यूं कहें कि 'शासन-प्रशासन डाल-डाल तो अवैध शराब कारोबारी पात-पात' की तर्ज पर अपने कारोबार को बढ़ाते हुए आ रहे हैं।अलबत्ता, इस अवैध शराब से अनगिनत गरीब, शोषित दलितों, मज़लूम के परिवार उजड़ कर मौत के मुहाने पर पहुंच चुके हैं तो कुछ अवैध शराब की खातिर जेल की सलाखों तक पहुंच चुके हैं। बावजूद इसके न तो शराब बंद हुई और न ही इसका अवैध कारोबार। शराब बंदी की घोषणा से लेकर अब तक यह जैसे पहले चल रहा था आज भी चलता आया है, बस बदलाव हुआ है तो चोरी छुपे उपलब्ध कराने का वह भी सिर्फ और सिर्फ दिखावे के तौर पर। वरना क्या मजाल कि शराब की एक शीशी नजर आए, लेकिन कहा गया है कि जब हुक्मरानों की आंखों पर नोटों की गड्डी की पट्टी बांध दी गई हो तो भला यह कैसे नज़र आ जाए। शराब बंदी के 7 साल बाद भी जारी है धंधा, पुर्ण रूप से नही लग पाया रोक। गौरतलब हो कि बिहार में तत्कालीन नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महा गठबंधन की सरकार ने 1 अप्रैल, 2016 को बिहार में पूर्ण रूप से शराब बंदी की घोषणा की थी। बाद में भाजपा के साथ भी मिलकर सरकार चलाई, तेजस्वी यादव के साथ मिलकर बिहार में नीतीश कुमार की सरकार चल रही थी।फिर मौजूदा समय में भाजपा के साथ आए।शराब बंदी का अध्यादेश भी लागू है, बावजूद इसके न तो बिहार में शराब बंद हुआ और इसका अवैध कारोबार यह बदस्तूर जारी है। सवाल उठता है कि यूपी,नेपाल से होते हुए बिहार को भेजी जा रही अवैध शराब के पीछे किन सफेदपोश लोगों का या तस्करों का हाथ है तथा इनको किनका संरक्षण मिलता आ रहा है ? आखिरकार इन पर कब कार्यवाही होगी, कब यह पर्दे के पीछे से बेनकाब होंगे?अवैध शराब की बरामदगी के समय अक्सर एक दो शराब तस्कर भागने में सफल होते हुए आएं हैं। तो दूसरी ओर वाहन चालक और एकाध पकड़ में आ जाते हैं, वरना अन्य तो पुलिस की सारी सुरक्षा बेड़े को धता बताते हुए बच भागते हैं। अहम सवाल यह है कि आखिरकार मुख्य सरगना तक पुलिस क्यों नहीं पहुंच पाती है, जिसके इशारे पर अवैध शराब का खेल चल रहा है। वैसे भी ताजा मामला साठी थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव से 60 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ कारोबारी को साठी पुलिस पकड़ी है। शराब कारोबारी की पहचान प्रेम मुखिया पिता स्व० वीरबहादुर मुखिया के रूप में की गई हैं। वहीं जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब कारोबारी को 60 लीटर चूलाई शराब के साथ पकड़ा गया है जिन्हें बिहार मध् निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए बेतिया न्यायालय भेज दिया गया है । यहां आपको बता दें कि पकड़ी गई 60 लीटर देशी अवैध चुलाई शराब की बरामदगी कोई पहली बार नहीं है, इसके पूर्व में भी साठी थाना क्षेत्र में देखा जाए तो धंगड़ टोली, सोमगढ़,बारी टोला लछनौता, नट टोली, भेडिहरवा, हिंगुलहर नट टोली,सिरिसिया, समौता,सतवारिया सहित कई गावों से बरामदगी की जा चुकी है। अवैध शराब के कारोबार में कमजोर वर्ग के लोगों को शुरू से ही ढाल बनाया जाता रहा है। अशिक्षा, जागरूक का अभाव और रुढ़िवादी परंपराओं में जकड़े गरीब दलित पिछड़े समाज के लोग इससे ज्यादा प्रभावित और पीड़ित हुए हैं, बावजूद इसके ठोस रणनीति के अभाव में न केवल बिहार में शराब बंदी मज़ाक बनकर रह गया है बल्कि पहले से कहीं ज्यादा तबाही भी मचाएं हुए है। जिस पर कब और कैसे रोक लग पायेगा कहना मुश्किल लगता है।

### सहारा देने वालों का गढ़ है माँझी, देखते ही देखते स्मार्ट फोन कर दिया दान



**चाणक्य भूमि। छपरा**

माँझी सच में एक सहारा है। सहारा देने वालों का गढ़ है माँझी। रविवार को भी एक उदाहरण देखने को मिला। माँझी नगर पंचायत के समाज सेवी व अनुभव ग्रुप के सम्मानित सदस्य नागेंद्र ठाकुर के पास पुराना मोबाइल था। वह ठीक से काम भी नहीं करता था। किसी से संपर्क करने में परेशान नागेंद्र ठाकुर को देखकर मांझी के युवा नेता रोहित राज से रहा नही गया। उन्होंने तुरंत अपना पर्स निकाला और ओपो कंपनी का एक नया एंड्रॉयड स्मार्ट फोन खरीद दिया। नागेन्द्र ठाकुर ने तो पहले लेने में संकोच किया क्योंकि इस बात पर उन्हें यकीन ही नहीं हुआ। पर जब बात सच निकली तो आश्चर्य से खुशी के आंसू निकल पड़े और सधन्यवाद लेना पड़ा। खुशी से झूम उठे नागेंद्र। इस पर उन्होंने कहा कि रोहित राज बहुत ही दिलदार इंसान है। अपने कर्तव्य व मेहनत से अपने परिवार को अच्छे तरह से जीवन यापन करते हैं। वही ज्यादा समय समाज सेवा में ही लगाते है। वही उनके माता पिता का भी उन्हें पूर्ण सहयोग प्राप्त है।

## तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर राजद संगठन प्रभारी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया

**चाणक्य भूमि। बेतिया**



लौरिया साहु जैन खेल स्टेडियम मे 21 फरवरी के दिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के जनविशवास कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर लौरिया में कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचे पश्चिम चंपारण बेतिया के संगठन प्रभारी सह विधायक बाजपट्टी मुकेश यादव। उनके साथ राजद के जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी प्रधान महासचिव अमर यादव राजद नेता सह प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी इंद्रजीत यादव नीरज तिवारी अब्बास अहमद शेख भोला कादिर अंसारी सदरे आलम कुरैशी मुकेश यादव अनिता भारती साहेब यादव संजय यादव रंभु प्रसाद यादव प्रभु प्रसाद यादव अंगुर आलम प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव डा सद्दाम हुसैन सहित दो दर्जन राजद के जिला स्तरीय पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और संयुक्त रूप से बताये की जनविशवास यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पचास हजार से ज्यादा समर्थक और राजद कार्यकर्ता साहू जैन खेल स्टेडियम मे पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचे विधायक मुकेश यादव व जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने संयुक्त रूप से बताया की जनविशवास यात्रा को सफल बनाने को लेकर राजद के कार्यकर्ताओं मे काफी उत्साह है। सत्रह साल बनाम सत्रह महीने के बीच तेजस्वी यादव के नेतृत्व में जो विकास कार्य व रोजगार मुहैया कराया गया है उसे आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से ही तेजस्वी यादव का आगमन हो रहा है। वहीं राजद नेता सह पुर्व विधानसभा प्रत्याशी शंभु तिवारी ने कहा की कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## हवारी विकास समिति की बैठक में धोबी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की उठी माँग

**चाणक्य भूमि। छपरा**




माँझी के घोरहट गाँव में हवारी विकास समिति के बैनर तले रविवार को एक बैठक आयोजित कर मुस्लिम धोबी संगठन ने सरकार से मुस्लिम एवम ईसाई समुदाय से जुड़ी धोबी जाति के लोगों को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल कर उन्हें भी आरक्षण का लाभ देने की पुरजोर माँग की। बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संविधान की धारा 341 में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है जबकि मुस्लिम एवम ईसाई समुदाय से जुड़े धोबी जाति को इस दायरे से वंचित रखा गया है, जिससे वे अबतक आरक्षण की सुविधा से वंचित हैं। बैठक में मौजूद लोगों ने एक स्वर से उक्त कानून को भेदभावपूर्ण बताते हुए उसमें संशोधन कर हिन्दू एवम ईसाई धर्म का पालन करने वाले धोबी जाति को भी अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल कर उन्हें आरक्षण की सुविधा प्रदान करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि सिर्फ हिन्दू समुदाय में आनेवाले धोबी जाति के लोगों को आरक्षण का लाभ देकर सरकारों ने अबतक भेदभाव किया है। वक्ताओं ने आह्वान किया कि धोबी जाति के लोग समूह में गोलबंद होकर अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाएँ। बच्चे शिक्षित होकर आसानी से अपना हक हासिल कर लेंगे। वक्ताओं ने आरक्षण को अपना हक बताते हुए संगठित होकर अपनी लड़ाई को और धारदार बनाने का आह्वान किया। बैठक को हवारी संघ के नेता मो सुलेमान, आस महम्मद, मो इसराइल, मो रज्जाक, मो नूर महम्मद, मो इदरीस, मो इमामुद्दीन, अनवर हुसैन, रसीद कासिम, रजी अहमद तथा रमजान अली आदि ने सम्बोधित किया। बैठक की अध्यक्षता मो उस्मान हुसैन ने की।

### सामाजिक संस्था जनप्रिय की बैठक आयोजित

**चाणक्य भूमि। भागलपुर**

सामाजिक संस्था जनप्रिय भागलपुर की महिला इकाई जनप्रिय महिला स्वरोजगार सह स्वावलंबन समिति की बैठक रविवार को हबीबपुर के मोइज्जमचक में हुई। बैठक की अध्यक्षता अमरीना सेराज और संचालन समिति की संयोजक रेखा कुमारी ने किया। इस मौके पर जनप्रिय के निदेशक गौतम कुमार ने कहा कि सामाजिक संस्था जनप्रिय जिला स्तर पर महिला और बाल विकास पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा संस्था के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना, स्वरोजगार, स्वावलंबन, सामुहिक आजीविका का लाभ, लघु एवं कुटीर उद्योगों के जरिए पारिवारिक आर्थिक संकट को दूर करने का एक सामुहिक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पितृसत्तात्मक सोच महिलाओं के साथ भेदभाव का मुख्य कारण है।

## मशरक में चार दिवसीय शत चंडी महायज्ञ भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू

**चाणक्य भूमि। छपरा**



मशरक प्रखंड के बंगरा पंचायत के चैनपुर गांव में आयोजित चार दिवसीय श्री श्री 1008 शत चंडी महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाल कर की गयी। कलशयात्रा में आचार्य प्रकाश तिवारी ने यजमान अखिलेश सिंह धर्मपत्नी आशा देवी की मौजूदगी में बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में 501 कन्याओं एवं महिलाओं ने यज्ञ मंडप से गांव का भ्रमण करते हुए घोघाड़ी नदी के घाट पर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल कलश में भरा गया। पुन वापस कलश को लेकर चैनपुर पोखरा, सूर्य मंदिर तथा चैनपुर होते हुए हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के बाद कलश को विधि-विधान के साथ यज्ञ स्थल पर स्थापित किया। यज्ञ के आयोजन को लेकर पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा है। मौके पर आयोजन समिति में चंद्रशेखर सिंह, रंजीत सिंह, श्री राम सिंह, पप्पू सिंह, बब्लू सिंह, कन्हैया सिंह, विकास सिंह, अखिलेश सिंह, रितेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## बखरी रेड लाइट एरिया से एक लड़की को कराया गया मुक्त

**चाणक्य भूमि। बखरी बेगूसराय**

बखरी थानान्तर्गत ग्राम मीरकल्लापुर नदैल में चलायी जा रही देह व्यापार धंधे से 01 लड़की को कराया गया मुक्त। देह व्यापार धंधे में शामिल सभी अपराधकर्मियों को किया जायेगा गिरफ्तार। घटनाक्रम दिनांक 17.02.24 को समय करीब 11:40 बजे दिन में बखरी थाना को सूचना मिली की असम की एक लड़की ग्राम चकहमीद बखरी उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर काफी घबराई हुई स्थिति में है। प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार गश्ती पदाधिकारी पु०अ०नि० अर्चना झा, बखरी थाना अपने सशस्त्र बल के साथ चकहमीद उप-स्वास्थ केन्द्र बखरी पहुंचे तो एक लड़की जो घबराई हुई बैठी थी। पुछताछ करने पर उसके द्वारा अपना नाम जानती बेगम पे०-जलाल अली सा०- मिकिर बहेता जिला-मोरीगंज राज्य-असम बतायी तथा उसके साथ गलत काम, डरा-धमका कर देह व्यापार का धंधा ग्राम मीरकल्लापुर नदैल स्थित पिंकी खातून पे०-मो० शफीक सा०-मीरकलापुर थाना-बखरी जिला बेगूसराय के द्वारा करवाया जा रहा था। तत्पश्चात अविलम्ब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बखरी के नेतृत्व में, अंचलाधिकारी बखरी (दण्डाधिकारी), थानाध्यक्ष बखरी एवं सशस्त्र बल बखरी थाना के द्वारा ग्राम मीरकल्लापुर स्थित पिंकी खातून के घर पर विधिवत छापेमारी किया गया। घर के अंदर से देह व्यापार का धंधा चलाने से संबंधित सामग्री पाया गया जिसे विधिवत जप्त करते हुए घर को सीलबंद किया गया।

## मशरक के बहरौली में जन सुराज की जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**चाणक्य भूमि। छपरा**



मशरक प्रखंड क्षेत्र के बहरौली पंचायत के बहरौली गांव में रविवार को पंचायत के मुखिया अजीत सिंह की अध्यक्षता में जन सुराज की जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सारण विधान पार्षद ई सच्चितानंद राय ने अपने विचार ग्रामीणों के सामने रखा। मौके पर जन सुराज के जिला अध्यक्ष रामपुकार मेहता, जिला कार्यक्रम संयोजक मुन्ना भवानी,जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, जिला सह संयोजक राहुल सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों के बीच कहां कि बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए प्रशांत किशोर गांवों में पैदल यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार के ग्रामीण चालीस वर्षों से कांग्रेस, जदयू, राजद और भाजपा की सरकारों की नीतियों से त्रस्त है यहा के गांवों के लोगों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों का रूख करना पड़ता है।

इस मौके पर पूर्व मुखिया संतोष परमार, पूर्व मुखिया अमर सिंह, मुकेश तिवारी, प्रिंस पाण्डेय, काशीनाथ राय, बिट्टू बाबा, बिनय सिंह, रोहित गुप्ता, मनोज सिंह, नरेश राम, सरपंच डॉ फूलेशवर राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## प्रतिबंधित मांस बेचने आए सीवान के व्यक्ति को ग्रामीणों ने जमकर कर दी धुनाई



**चाणक्य भूमि। छपरा**

पानापुर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर बाजार से प्रतिबंधित मांस बेचने के संदेह में एक व्यक्ति को ग्रामीणों घेरकर जमकर धुनाई कर दी। जानकारी के अनुसार रविवार की संध्या महम्मदपुर गांव में बाईक पर एक थैला लिए घुम रहा था। ग्रामीणों को उसके संदिग्ध स्थिति पर शंका हुआ जिसके बाद गांव के कुछ युवक उसे घेरकर पूछ ताछ करने लगे। इस बीच उसके थैला की जांच करने पर मांस का कुछ अवशेष दिखाई दिया। जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए एवं उसकी पिटाई करने लगे। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पहुंची एवं भीड़ के हाथ से छुराकर व्यक्ति को सुरक्षित थाने लाई। जिसकी पहचान सिवान जिले के लकड़ी नबीगंज गांव निवासी मोहम्मद अली के पुत्र जावेद इकबाल के रुप में की गई। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि ग्रामीणों के भीड़ से युवक को छुड़ाकर सुरक्षित थाने लाया गया है। उसके पास से कोई संदिग्ध सामान बरामद नही हुआ है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

### 6.5 ग्राम स्मैक के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। अररिया**

फारबिसगंज थाना पुलिस ने पोस्ट ऑफिस चौक पर चाय की दुकान के पास से स्मैक का कारोबार करने वाले कारोबारी को 17 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार काराबोरी सुलतान पोखर वार्ड संख्या 4 का रहने वाला 29 वर्षीय रवि कुमार है।पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में बरामद 17 पुड़िया स्मैक का कुल वजन 6.5 ग्राम है। पुलिस ने आरोपित युवक के पास से एक वीवो का टूटा हुआ मोबाइल के साथ नगद 4 हजार 930 रुपैया भी बरामद किया।मामले की जानकारी देते हुए फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि छापेमारी अभियान में सब इंस्पेक्टर रौनक सिंह के साथ टाइगर मोबाइल के जवान संतोष कुमार,नितेश कुमार और रामकुमार मंडल सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

# रामेश्वर दयाल मध्य विद्यालय में “टके सेर भाजा,टके सेर खाजा” नामक नाटक का मंचन

## बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को दर्शकों ने सराहा

चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया





रामेश्वर दयाल मध्य विद्यालय मझौलिया में छात्रों ने रंगारंग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो का भरपूर मनोरंजन किया। समारोह उदघाटन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह पंचायत के मुखिया सत्य प्रकाश ,भाजपा नेता जयप्रकाश कुमार , डेंटल डॉक्टर रोशन केसरी और विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र अमित कुमार प्रिंस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य अतिथि मुखिया सत्य प्रकाश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। आज के छात्र देश के भविष्य हैं। छात्रों को चाहिए कि अनुशासन आज्ञा पालन नियमित पठन पाठन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। पूर्व डिप्टी के मुँहबोले अनुज जयप्रकाश कुमार ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ छात्रों को खेलकूद गीत संगीत पेंटिंग नाटक आदि में भाग लेनी चाहिये। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रोशन केसरी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा विकसित होती है। छात्रों के बीच साहस और उत्साह का संचार होता है। पूर्ववर्ती छात्र अमित कुमार प्रिंस ने कहा कि गुरु एक कुम्हार की भांति होते हैं जो अनुशासन निष्ठा ईमानदारी रूपी ज्ञान से छात्रों को प्रकाशित करते हैं। संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। जिसमें माता सरस्वती का रूप धारण किए वर्ग प्रथम की छात्रा रुचि कुमारी गूगल साक्षात माता की मूर्ति दिखाई दे रही थी। देश रंगीला रंगीला रे राधा तेरी चुनरी शुभ दिन आयो बावन गज का दामन कोमल है कमजोर नहीं जब समय होला कमजोर ,,, ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार चुनरी चुनरी बेटी हिंदुस्तान की लाल चुनरिया आदि प्रस्तुति को जबरदस्त सराहा गया। भ्रूण हत्या पर आधारित बेटी बचाओ एकांकी उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। वही तारों ने पूछा हजारों से संदेशे आते हैं लाल चुनरिया बोल चूड़ियां शरारा शरारा इंडिया वाले आंखों का काजल नागिन डांस पर दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाई। सोशल मीडिया पर आधारित एकांकी लोगों को दिल को छू दिया। कलाकारों में रागिनी संजना दीपिका सिमरन कोमल स्वीटी अनुष्का अदिति मनीष विकास आशीष लड्डु ईशानी आरिफ देवा अजीत अरविंद प्रियांशु आयुष लोकेश निशु एहसान विवेक शमशाद पुष्पांजलि अनुराग पम्मी रंजू रानी काजल सोहेल शिवम नाजिया नगमा आदि कलाकारों के अभिनय को जबरदस्त सराहा गया। मुख्य अतिथि मुखिया सत्य प्रकाश डॉ रोशन केसरी प्रभावती हेल्थ केयर मझौलिया के डॉक्टर आर कुमार इंजीनियर सुधीर शर्मा आदि में कलाकारों का मनोबल बढ़ाते हुए कलाम और निर्झर लेखनी देकर पुरस्कृत किया। मुखिया सत्य प्रकाश ने शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर डॉ रोशन केसरी ने डायरी प्रदान कर तथा डॉक्टर आर कुमार ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। आगत अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक श्री ठाकुर ने किया। मंच संचालन शिक्षक सह पत्रकार अनिल कुमार शर्मा ने किया। अंजली कुमारी और गुड़िया कुमारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन किया। कलाकारों को उनके पात्र के अनुसार सजाने संवारने का कार्य शिक्षक धनंजय कुमार और चंद्रिका प्रसाद द्वारा किया गया। देर संध्या तक चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रममेंदर्शनमंत्रमुक्तहोकरजमेरहे। दर्शक दीर्घा में विद्यालय प्रबंधकारणी के सचिव इनर मन प्रसाद चौरसिया पूर्व पार्षद लालमति देवी एएनएम यमुना देवी, रीता शर्मा , रोशनी शर्मा , डॉक्टर एस . तबरेज , दीपक कुमार चौरसिया , मदन पटेल , नागेंद्र पांडे आदि मुख्य शामिल रहे। अतिथियों ने पत्रकार राजू शर्मा और उनकी पत्नी रिंकी शर्मा को भी सम्मानित किया।

# ईवीएम हटाओ, लोकतन्त्र बचाओ ! भाजपा हटाओ, देश बचाओ कार्यक्रम की शुरुआत

**वृन्दावन आश्रम से ईवीएम हटाओ, लोकतन्त्र बचाओ ! भाजपा हटाओ, देश बचाओ कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी विचार विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार शर्मा द्वारा की गयी**

चाणक्य भूमि। बेतिया



महात्मा गांधी की कर्मभूमि वृन्दावन आश्रम, चनपटिया, पश्चिम चम्पारण में अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार विकास मंच के तत्वावधान में 18 फरवरी, 2024 को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार शर्मा द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजू रामधन चौथमल (महाराष्ट्र) यूपी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गौरीशंकर पांडेय, बिहार प्रदेश अध्यक्ष नागेन्द्र नाथ तिवारी, प्रदेश महासचिव प्रताप राव, प्रदेश सचिव अमरेश कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमकुमार दास तथा अरविंद सिंह, वच्चा सिंह, हरिशंकर प्रसाद, परमेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस अवसर पर श्री राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर लिखी गयी पुस्तक ‘भारत जोड़ो यात्रा उम्मीदों की बौछार शुभेक्षाओं का दौर’ का विमोचन भी सम्पन्न हुआ। पुस्तक के लेखक राजू रामधन चौथमल मंच के राष्ट्रीय सचिव भी हैं, मौजूद थे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार शर्मा ने केन्द्र की वर्तमान जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये श्री राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आये राजू रामधन चौथमल तथा यूपी से पधारे गौरीशंकर पांडेय को ‘ईभीएम हटाओ, लोकतंत्र बचाओ ! भाजपा हटाओ, देश बचाओ !’ अभियान अपने अपने प्रदेशों में चलाने के लिए प्रतीक चिन्ह कांग्रेस का झंडा भेंट किया। श्री शर्मा ने स्थानीय लोगों की मांग पर वृंदावन आश्रम में पूज्य बापू द्वारा पूर्व में संचालित ध्वस्त कुटीर उधोगों को पुनः नये सिरे से चालू कराने हेतु प्रयास करने का वचन दिया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष नागेन्द्र नाथ तिवारी ने गांधी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए पदयात्रा करने की आवश्यकता बतायी। इस कार्यक्रम में पण्डित राजकुमार शुक्ल के परनाती अरुण राय सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानी परिवारों व गांधीवादियों को मंच की ओर से सम्मानित किया गया।

# जिन्होंने सबसे ज्यादा विश्वास तोड़ा आज वहीं विश्वास यात्रा पर-प्रशांत

**तेजस्वी यादव की ‘जन विश्वास यात्रा’ पर प्रशांत किशोर का बड़ा हमला, बोले - सबसे ज्यादा विश्वास तोड़ने वाले आज जन विश्वास यात्रा पर निकल रहे, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ेगी**

**राजद जैसी पार्टी जात-पात, हिंदू-मुस्लिम, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी करने वालों की पार्टी है, ये इससे ऊपर उठ ही नहीं सकते: प्रशांत किशोर**

चाणक्य भूमि। पटना



तेजस्वी यादव 20 फरवरी से बिहार में ‘जन विश्वास यात्रा’ पर निकल रहे हैं। उनकी इस यात्रा को लेकर पत्रकारों ने प्रशांत किशोर से सवाल पूछे। प्रशांत किशोर ने सवालों का जवाब देते हुए तेजस्वी यादव और राजद पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीते दिनों नीतीश कुमार ने भी समाधान यात्रा की थी, बिहार के कितने लोगों और बिहार की कितनी समस्याओं का समाधान हो गया? अभी राहुल गांधी न्याय यात्रा कर रहे हैं, बिहार के कितने लोगों को न्याय मिल गया? अब तेजस्वी के जन विश्वास यात्रा करने से क्या होगा? सबसे ज्यादा विश्वास आपने तोड़ा है। 30-32 सालों से बिहार में लालू-नीतीश का ही राज है। इतने सालों में गरीबी मिटी नहीं, पलायन रुका नहीं, रोजगार मिला नहीं। अब किस विश्वास की बात कर रहे हैं आप? जनता इतनी बेवकूफ नहीं है। लोग आएंगे विश्वास यात्रा में, कुछ लोग इकट्ठा भी हो जाएंगे। लेकिन, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ाई जा सकती है। जिन लोगों ने राजद, लालू जी के बेटे की सरकार देखी है वो जानते हैं ये जात-पात, हिन्दू-मुस्लिम, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से ऊपर उठकर राजनीति नहीं कर सकते हैं। ये इनका कैरेक्टर है। इन चार चीजों से ऊपर उठकर आरजेडी के लोग राजनीति नहीं कर सकते हैं।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन

चाणक्य भूमि। बेतिया




18 फरवरी 2024 विद्या भारती उत्तर बिहार क्षेत्र के मार्गदर्शन में सरस्वती विद्या मंदिर बरबत सेना में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया इस सम्मेलन में शिशु वर्ग से द्वादश कक्षा तक के छात्र छात्राओं के करीब 1200 मातायें शामिल हुई। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता लोक शिक्षा समिति के माननीय सचिव श्री रामलाल सिंह जी थे। आगंतुक अतिथियों में माननीय जिला संचालक श्री मनकेश्वर प्रसाद, विभाग प्रचारक (चंपारण) नीतीश कश्यप सम्मेलन के अध्यक्षा (अभिभाविका) श्रीमती अर्जीता जी की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. प्रवीर चक्रवर्ती, विभाग निरीक्षक श्री अनिल राम जी इत्यादि थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सम्मेलन में रंगारंग संस्कृति कार्यक्रमों के दौरान माताओं ने विद्यालय के लिए सुझाव और परामर्श दिए। उनके सुझाव और परामर्श को शिरोधार्य करते हुए प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने विद्यालय के आगामी योजनाओं के बारे में सभी को बताया और उनके सुझाव और परामर्श पर उचित प्रयास का भरोसा दिलाया । इन्हीं कार्यक्रमों के बीच में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सचिव श्री रामलाल जी ने अपना वक्तव्य रखा उन्होंने मातृ सम्मेलन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही विद्या भारती की योजनाओं और आगामी होने वाली कार्यक्रमों के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि सनातन का जितना ही विकास होगा उतना ही इस पृथ्वी पर शांति और भाईचारा कायम होगा। सनातन के सिद्धांत ही विकास और शांति को आमंत्रित करते हैं। हम दूसरे को पीड़ा देने में विश्वास नहीं रखते और इसी आधार पर हम विद्या भारती के स्कूलों में शिक्षा देते हैं। सनातन का दूसरा सिद्धांत वसुदेव कुटुंबकम का है, हम पूरे विश्व को एक परिवार एक कुटुंब मानते हैं। ऐसी उच्च भावना किसी दूसरे प्रकार के विद्यालय में नहीं दी जाती है, केवल सनातन संचालित विद्यालयों में ही इसका निर्वहन होता है। कार्यक्रम पूर्ण रूपेण सफल रहा।कार्यक्रम का पंडाल पूरा खचाखच भरा रहा ।कार्यक्रम की व्यवस्था को प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में प्राथमिक खंड प्रभारी प्रधानाचार्य श्री अवधेश श्रीवास्तव, छात्रावास निरीक्षक नरेंद्र कुमार , प्रभारी प्रधानाचार्य लखींद्र जी, सर्व व्यवस्था प्रमुख श्री जय किशोर सिंह, रामनरेश जी पवन जी, राजकिशोर जी, शैलेंद्र जी, त्रिपुरारी जी रत्नेश जी ,सचिन जी, मीडिया प्रमुख श्री विमलेश सिंह एवं समस्त कर्मचारीगण कर रहे थे। लोक शिक्षा समिति के सचिव श्री रामलाल जी ने अपने भाषण में कहा कि इस धरती पर सनातन जितना है सनातन का जितना ही प्रचार प्रसार होगा उतना ही विश्व विकसित होगा। सनातन के सिद्धांत के अनुसार दूसरे को पीड़ा देना हमारे सनातन में धर्म है, हम किसी दूसरे को पीड़ा नहीं देते हैं। इसी प्रकार हम वसुदेव कुटुंबकम में विश्वास रखते हैं ।कार्यक्रम में अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत आचार्य श्री राजेश मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत किए गए जो काफी सारहा गया ।कार्यक्रम का समापन सुश्री बरखा चापलोत के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। हाल में अवकाश प्राप्त आचार्य सर्वश्री अमरेंद्र उपाध्याय, चंद्र भूषण जी एवं नागेंद्र मिश्र को अंग वस्त्र एवं अन्य उपयोगी सामान देकर सम्मानित किया गया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बाह्य छात्र-छात्राओं को शामिल कराने के लिए सर्वश्री राजकुमार जी, काशी जी एवं लखींद्र जी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने के लिए भी सम्मानित किया गया

# राजीव गांधी विकास बिचार मंच ने भाजपा हटाओ, देश बचाओ अभियान का किया शुभारंभ

## बृंदाबन में भारत जोड़ो यात्रा का विमोचन करते राजीव गांधी मंच के सदस्य

चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया

**• बापू की कर्मभूमि बृंदाबन से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया शंखनाद**
**• सम्मानित हुए स्वतंत्रता सेनानी**

महात्मा गांधी की कर्मभूमि वृन्दावन आश्रम चनपटिया, पश्चिम चम्पारण में अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार विकास मंच के तत्वावधान में रविबार को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार शर्मा ने राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।राष्ट्रीय सचिव राजू रामधन चौथमल (महाराष्ट्र) यूपी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गौरीशंकर पांडेय, बिहार प्रदेश अध्यक्ष नागेन्द्र नाथ तिवारी, प्रदेश महासचिव प्रताप राव, प्रदेश सचिव अमरेश कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमकुमार दास तथा अरविंद सिंह, वच्चा सिंह, हरिशंकर प्रसाद, परमेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में मंच के समर्थक शामिल रहे। इस अवसर पर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर लिखी गयी पुस्तक ‘भारत जोड़ो यात्रा उम्मीदों की बौछार शुभेक्षाओं का दौर’ का विमोचन किया गया। पुस्तक के लेखक राजू रामधन चौथमल मंच के राष्ट्रीय सचिव उपस्थित रहे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार शर्मा ने केन्द्र की वर्तमान जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ने का आहवान किया । कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आये राजू रामधन चौथमल तथा यूपी से पधारे गौरीशंकर पांडेय को ‘ईभीएम हटाओ, लोकतंत्र बचाओ ! भाजपा हटाओ, देश बचाओ !’ अभियान अपने अपने प्रदेशों में चलाने के लिए प्रतीक चिन्ह कांग्रेस का झंडा भेंट किया।श्री शर्मा ने लोगों की मांग पर वृंदावन आश्रम में पूज्य बापू द्वारा पूर्व में संचालित ध्वस्त कुटीर उधोगों को पुनः नये सिरे से चालू कराने हेतु प्रयास करने का वचन दिया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष नागेन्द्र नाथ तिवारी ने गांधी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए पदयात्रा करने की आवश्यकता पर बल दिया।समारोह में पण्डित राजकुमार शुक्ल के परनाती अरुण राय समेत अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को मंच से अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714